

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

अनमोल वचन

"सपने बड़े हों, राहें कितनी भी कठिन हों,
हर कदम पर विश्वास बनाए रखें।"
"सपनों को पाने के लिए जागना पड़ता है,
नींद में तो हर कोई सोता है।"

बुधवार 25 मार्च 2026 बर्ष 02 अंक 82 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


## भारत–रूस सम्मेलन में नालंदा विश्वविद्यालय की सहभागिता

### बौद्ध विरासत एवं द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों के नए आयामों पर बल

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** नालंदा विश्वविद्यालय ने मॉस्को में आयोजित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन रूस और भारत एक नए द्विपक्षीय एजेंडा की ओर में अपनी विशिष्ट उपस्थिति दर्ज कराते हुए अक. ादमिक एवं सांस्कृतिक सहयोग के क्षेत्र में सहभ. ागि रहा। इस सम्मेलन का संयुक्त आयोजन रशियन इंटरनेशनल अफेयर्स काउंसिल तथा मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास द्वारा किया गया। इस उच्च–स्तरीय मंच पर दोनों देशों के प्रमुख नीति–निर्माताओं, विद्वानों, वरिष्ठ राजनयिकों तथा रणनीतिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारतदृरूस संबंधों को और अधिक सुदृढ़ एवं बहुआयामी बनाने पर विचार–विमर्श किया। सम्मेलन का उद्घाटन भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ऑनलाइन से किया। कहा कि भारत और रूस का संबंध आपसी विश्वास और पारस्परिक सम्मान पर आधारित है। समसामयिक वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस सत्र में अर्थव्यवस्था, शिक्षा तथा सामरिक नीति–निर्माण से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने अपने वीडियो संदेश के माध्यम से सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने भारत और रूस के ऐतिहासिक एवं सभ्यतागत संबंधों को रेखांकित करते हुए 'ब्रिक्स' जैसे बहुपक्षीय मंचों के अंतर्गत एक दूरदर्शी सहयोग मॉडल विकसित करने का आह्वान किया।




प्रो. चतुर्वेदी ने स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी तथा उन्नत संपर्क–सुविधाओं जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर व्यापारिक असंतुलन को कम करने और आर्थिक संबंधों को नई गति प्रदान करने पर विशेष बल दिया। सम्मेलन में नालंदा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए 'बौद्ध अध्ययन, दर्शन एवं तुलनात्मक धर्म अध्ययन संकाय' के सदस्य डॉ. प्रांशु समदर्शी ने "संस्कृति में सहयोग का विकास" विषयक महत्वपूर्ण सत्र में अपने शोधपरक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत और रूस के बीच 'बौद्ध विरासत' एक सशक्त सभ्यतागत सेतु का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि बौद्ध ग्रंथों के अनुवाद, संयुक्त शोध परियोजनाओं तथा शैक्षणिक आदान–प्रदान के माध्यम साझा सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया जा सकता है साथ ही द्विपक्षीय संबंधों को वैचारिक एवं सांस्कृतिक ऊँचाई भी प्रदान की जा सकती है। नालंदा विश्वविद्यालय और रूस की काल्मिक स्टेट यूनिवर्सिटी के बीच हाल ही में एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है, जिसके अंतर्गत दोनों संस्थान साझा बौद्ध विरासत पर केंद्रित विभिन्न सहयोगात्मक पहलों पर कार्य कर रहे हैं। अपनी प्राचीन ज्ञान–परंपरा और वैश्विक दृष्टिकोण से प्रेरित होकर नालंदा विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को नई दिशा प्रदान कर रहा है। वैश्विक मंचों पर सक्रिय सहभागिता तथा महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के माध्यम से विश्वविद्यालय भारत की बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत के सशक्त संवाहक के रूप में अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन कर रहा है।

## अस्ताचलगामी सूर्य को किया गया अर्घ अर्पित

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** लोक आस्था का महापर्व चौती छठपर्व के तीसरे दिन क्षेत्र के सूर्यतालाव बड़गाँव सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आहर, पोखर,तालाब व छठ घाटों पर मंगलवार को अस्ताचलगामी सूर्य को छठव्रती ने भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया।इस दौरान पूरा वातावरण में छठी मईया की गीतों की ध्वनि से गुंजयमान होता रहा। भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए दिन में मिट्टी और ईट के चूल्हे पर छठी मैया का प्रसाद तैयार किया गया।विशेषकर ठेकुआ ,लडुआ तैयार किया,तदुपरांत संध्या समय अर्घ अर्पित करने के लिए दउरा में पूजन की सामग्री गन्ना, पानी वाला नारियल, अक्षत, पीला सिंदूर, दीपक, घी, बाती, कुमकुम, चंदन, धूपबत्ती, कपूर, दीपक, अगरबत्ती, माचिस, फूल, हरे पान के पत्ते, साबुत सुपाड़ी,के साथ ही मौसमी फल को दउरा में सजाकर तैयार किया।शाम होने पर छठ व्रती पूरे परिवार के साथ छठ घाट पर पहुँच छठी मइया की विधि–विधान से पूजा अर्चना कर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया बुधवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व छठ का समापन हो जाएगा। सूर्यपीठ बड़गाँव सूर्यतालाव में हजारों की संख्या में छठबर्ती अर्घ दिया और भगवान भास्कर से अपने अपने मनोकामना पूर्ति हेतु अर्चना की।बड़गाँव में अलग अलग स्थानों से आयेरजौली के विनोद अग्रवाल, मोकामा के कृष्णा देवी,रोह के बिजय प्रसाद,कमला देवी,बनारस के राजबली चौहान, हरनौत उपसपुर के निर्जला कुमारी,सबिता देवी समी कुमार ,शिम्पी देवी सहित अन्य अपने परिवार के साथ सभी श्रद्धालुओं ने सूर्यतालाव के किनारे ही अर्घ देने के लिये मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी की जलावन से ठेकुआ और लडुआ बनाया और विधि विधान के साथ अर्घ दिया।



वहीं सिलाव श्याम सरोवर ठाकुरबाड़ी तालाब में आसपास क्षेत्र के सैकड़ों छठबर्ती ने अर्घ अर्पित किया।

**सुरक्षा व्यवस्था का किया गया इंतेजाम**

वहीं बड़गाँव छठ मेला में सुरक्षा का चुस्त दुरुस्त व्यवस्था किया गया है।पूरे मेला नियंत्रण हेतु अस्थायी नियंत्रण कक्ष बनाया गया है,जहाँ से सीसीटीवी से मेला क्षेत्र में निगरानी के साथ साथ मेले में परिवार से बिछुड़े लोगों के मदद के लिये सहायता केंद्र बनाया गया है,साथ ही साथ एनडीआरएफ टीम द्वारा सूर्यतालाव में पैनी नजर रखी जा रही है।मेला क्षेत्र में नियंत्रण के लिए जगह जगह पर 35 दंडाधिकारी ,110 लाठी बल,40 पुलिस पदाधिकारी, स्कॉर्ट एवं एनसीसी की तैनाती रही।

मेले में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगाए गए कैम्प में चौबीस घंटे डॉक्टर एवं एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहे,जिनके द्वारा मेला में आये हजारों श्रद्धालुओं का प्राथमिक चिकित्सा भी किया गया।बही बिजली बिभाग के द्वारा लगाए गए कैम्प में सहायक विदुत अभियंता पवन कुमार एवं कनीय अभियंता भास्कर भी 24 घंटे कैम्प कर विद्युत आपूर्ति निर्वाध रूप से सुचारू को लेकर तैनात रहे।



## रामनवमी, छठ, मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति दौरे को लेकर नालंदा में हाई अलर्ट, आईजी ने ली सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)** नालंदा जिले के लिए यह सप्ताह प्रशासनिक और सुरक्षा की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। रामनवमी और चौती छठ जैसे प्रमुख पर्वों के साथ मुख्यमंत्री की 'समृद्धि यात्रा' तथा 31 मार्च को महामहिम राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसी कड़ी में मंगलवार को पटना प्रक्षेत्र के आईजी जितेंद्र राणा नालंदा पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा की। समाहरणालय पहुंचने पर आईजी को विधिवत गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने नालंदा एसपी भारत सोनी की उपस्थिति में बिहार शरीफ, राजगीर और हिलसा अनुमंडल के पुलिस पदाधिकारियों के साथ करीब एक घंटे तक मैराथन बैठक की। बैठक में आईजी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मीडिया से बातचीत में आईजी जितेंद्र राणा ने कहा कि आगामी दिनों में चौती छठ, रामनवमी, मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा और राष्ट्रपति का दौरा जैसे महत्वपूर्ण आयोजन हैं। इन सभी को ध्यान में रखते हुए जिले भर में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।उन्होंने बताया कि जुलूसों और कार्यक्रमों के लिए लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रमजान के जुमे और मजार पर चादरपोशी जैसे आयोजनों को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। आईजी ने बताया कि स्थानीय पुलिस द्वारा निरोधात्मक कार्रवाई की गई है और सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए जिला पुलिस बल के साथ बीएमपी और सैप की टुकड़ियों की तैनाती की गई है। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों और पुलिस निरीक्षकों को क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने तथा हर गतिविधि की नियमित रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां संतोषजनक हैं और सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल समय पर पूरे कर लिए जाएंगे।

## पटना में 25 से 29 मार्च तक होगा 'बिहार ओपन फिडे रेटिंग चेस टूर्नामेंट'

### देश–विदेश के 650 से अधिक खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट पटना (बिहार)** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में पाटलिपुत्र खेल परिसर स्थित इंडोर स्टेडियम में 25 से 29 मार्च तक अब तक का सबसे बड़ा 'बिहार ओपन फिडे रेटिंग चेस टूर्नामेंट 2026' आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश–विदेश के 650 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविन्द्रण शंकरण ने बताया कि यह टूर्नामेंट बिहार में आयोजित होने वाला अब तक का सबसे बड़ा चेस रेटिंग आयोजन है। प्रतियोगिता में अंडर–7, 9, 11, 13 और 15 आयुवर्ग के बालक–बालिकाओं के साथ–साथ ओपन वर्ग के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। टूर्ना. मेंट की कुल पुरस्कार राशि 10 लाख रुपये निर्धारित की गई है। विभिन्न वर्गों के वि. जेताओं को मेडल और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जबकि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। खिलाड़ियों के भोजन एवं आवासन की समुचित व्यवस्था बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा की गई है।इस प्रतियोगिता की खासियत यह है कि इसमें भारत के अलावा जिंबाब्वे, नेपाल और रूस के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों में जिंबाब्वे के इंटरनेशनल मास्टर मामोम्बे कुदजानी, नेपाल के नेशनल चौंपियन रूपेश जायसवाल, रूस के ग्रैंड मास्टर पेत्र क्रियाकोव तथा भारत के ग्रैंड मास्टर नारायणन श्रीनाथ शामिल होंगे। अखिल बिहार चेस संघ के सचिव धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शुरू होकर शाम तक चलेगी। उन्होंने कहा कि देश के साथ–साथ विदेशों के खिलाड़ियों की भागीदारी इस टूर्नामेंट को और भी विशेष बनाती है, जो बिहार के लिए गर्व की बात है। इस आयोजन का संयुक्त रूप से संचालन खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और अखिल बिहार चेस संघ द्वारा किया जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और सफल प्रतियोगिता का अनुभव मिल सके।


अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120





# 27 मार्च को बिहार शरीफ में निकलेगी भव्य रामनवमी शोभा यात्रा

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)** बिहार शरीफ शहर में आगामी 27 मार्च को श्री रामनवमी शोभा यात्रा समिति के तत्वावधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस ऐतिहा. सिक जुलूस का नेतृत्व स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को अखाड़ा परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में समिति के सदस्यों ने यात्रा की विस्तृत रूपरेखा साझा की और शहरवासियों से सपरिवार शामिल होने की अपील की। समिति के सदस्य सोनू कुमार 'हिन्दू' ने बताया कि इस बार की शोभा यात्रा में झारखंड से आए कलाकारों का दल विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। पारंपरिक संस्कृति को जीवंत करने के उद्देश्य से 'सिंघा बाजा' का प्रदर्शन किया जाएगा, जो अब कम ही देखने को मिलता है। इसके अलावा ढोलक–झाल के साथ ग्रामीण शैली में मि. हलाओं और पुरुषों की अलग–अलग मंडलियाँ भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगी। जुलूस की भव्यता बढ़ाने के लिए हाथी और घोड़ों का लश्कर भी शामिल रहेगा। सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को लेकर समिति ने बताया कि बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है, जिन्हें पहचान पत्र और पास जारी किए जा रहे हैं। नौजवानों की एक टीम पूरे मार्ग पर निगरानी रखेगी।



डीजे पर लगे प्रतिबंध के संबंध में समिति ने स्पष्ट किया कि प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित फ्रीक्वेंसी के भीतर साउंड बॉक्स का उपयोग किया जाएगा।मार्ग की जानकारी देते हुए समिति सदस्य अमर कांत भारती ने बताया कि शोभा यात्रा श्रम कल्याण केंद्र मैदान से शुरू होकर भराव चौराहा, महिला कॉलेज, आलमगंज, पुल पर, नवाब रोड और सालेगंज मोड़ होते हुए टाउन स्कूल मोड़ तक जाएगी। यात्रा का समापन श्री बाबा मनीराम अखाड़ा परिसर में होगा। जुम्मे के दिन आयोजन को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि समिति को प्रशासन से अनुमति मिल चुकी है और जुलूस शांतिपूर्ण व उत्साहपूर्ण माहौल में निकाला जाएगा। प्रशासन द्वारा 5,000 लोगों की अनुमति दी गई है, हालांकि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना है। इस मौके पर अमरकांत भारती, आशुतोष कुमार, सोनू कुमार हिन्दू, शैलेंद्र कुमार, धीरज कुमार, अमर राजपूत, सूर्यकांत वर्मा, अविनाश कुमार, गोपाल कुमार हिन्दू, ललन कुमार, शिव रत्न प्रसाद सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# सीएम के दौरे को लेकर बिहारशरीफ में नो–फ्लाई जोन घोषित, ड्रोन समेत सभी उड़ान उपकरणों पर रोक

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।** माननीय मुख्यमंत्री के 26 मार्च को प्रस्तावित 'समृद्धि यात्रा' के तहत बिहारशरीफ दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर शहर के कई प्रमुख स्थलों को अस्थायी रूप से 'रेड जोन' और 'नो–फ्लाई जोन' घोषित किया गया है। पुलिस अधीक्षक नालंदा द्वारा दी गई जानक. ारी के अनुसार, मुख्यमंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर चिन्हित कार्यक्रम स्थलों पर ड्रोन, हॉट एयर बैलून, पैरामोटर, पैराग्लाइडर, पावर्ड हैंड ग्लाइडर समेत सभी प्रकार के गैर–पारंपरिक उड़ान उपकरणों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।प्रशासन द्वारा जिन स्थानों को नो–फ्लाई जोन घोषित किया गया है, उनमें दीपनगर स्टेडियम, पंचाने नदी रिवर फ्रंट, कोसुक नदी क्षेत्र और भराव फ्लाईओवर शामिल हैं। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान इन सभी क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की उड़ान गतिविधि पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी बिहारशरीफ एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिहारशरीफ–01 को इस आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

# राष्ट्रपति के दौरे को लेकर राजगीर में हाई अलर्ट, पूरा क्षेत्र घोषित 'नो–फ्लाई जोन'

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।** 31 मार्च को माननीय राष्ट्रपति के प्रस्तावित नालंदा दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। राष्ट्रपति नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर में आयोजित दीक्षांत समारोह में भाग लेने के साथ–साथ ऐतिहासिक नालंदा खंडहर का भी भ्रमण करेंगे। इसे देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर राजगीर अनुमंडल क्षेत्र को अस्थायी रूप से 'रेड जोन' और 'नो–फ्लाई जोन' घोषित किया गया है। पुलिस अधीक्षक नालंदा के अनुसार, राष्ट्रपति की सुरक्षा के लिए निर्धारित 'ब्लू–बुक' के प्रावध. ानों के तहत यह कदम उठाया गया है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस दौरान ड्रोन, हॉट एयर बैलून, पैरामोटर, पैराग्लाइडर, पावर्ड हैंड ग्लाइडर सहित सभी प्रकार के गैर–पारंपरिक उड़ान उपकरणों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सुरक्षा एजेंसियां पूरे क्षेत्र में लगातार निगरानी रखेंगी। प्रशासन ने कहा है कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर को इस आदेश का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

# मेला में प्रशाशनिक लापरवाही, प्रतिबंध के बाद भी सरपट दौड़ी बाहन

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** बड़गाँव के सूर्यपीठ में आयोजित चार दिवसीय राजकीय छठ मेले में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध के बावजूद नियमों का उल्लंघन देखा गया।

हजारों श्रद्धालुओं को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, क्योंकि प्रतिबंधित क्षेत्र में दोपहिया और चारपहिया वाहन बेरोकटोक चल रहे थे। यह प्रतिबंध श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगाया गया था, लेकिन यह केवल कागजों तक ही सीमित रहा। मेले के दौरान, विशेषकर संध्या अर्घ्य के समय, सूर्यतालाब के पास प्रतिबंधित क्षेत्र में आम लोगों के साथ–साथ कई अधिकारियों के वाहन भी दौड़ते हुए पाए गए। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब नियंत्रण कक्ष के पास भी दर्जनों वाहन खड़े मिले, जबकि अधिकारी वहीं बैठकर अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे थे। यह मेला प्रबंधन और पुलिस प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों के खुलेआम उल्लंघन को दर्शाता है।

**आस्था के साथ किया गया खिलवाड़**——बहीं कष्टी मार्ग पर भीड़ नियंत्रण के लिये एनसीसी कैडेट को सेवा ड्यूटी में लगाया गया था, लेकिन एनसीसी कैडेट द्वारा आस्था का खिलवाड़ किया गया, सभी बूट पहने खड़े हुए थे,




बहीं छठ व्रती सूर्यतालाव से सूर्यमंदिर तक कष्टी दे रहे श्रद्धालू को कष्टी देने में परेशानी हो रहीथी, कष्टी दे रहे कई श्रद्धलुओं ने कहा कि यह पर्व स्वच्छता का प्रतीक है और इस मार्ग पर नंगे पांव होनी चाहिए था ,न कि बूट पहनकर।इससे हमारे आस्था को ठेश पहुँच रहा है।

# मेयार गांव में युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत मेयार गांव में सोमवार की देर शाम एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान मेयार निवासी दिनेश पासवान के 20 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार के रूप में हुई है, जो पेशे से चालक था। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार, घर में छठ व्रत को लेकर उत्सव का माहौल था। नीरज सुबह अपनी गाड़ी लेकर दोस्तों के साथ बाजा (साउंड सिस्टम) लाने निकला था, लेकिन वह जीवित वापस नहीं लौटा। मृतक के भाई रोशन कुमार और बहन सोनम कुमारी ने आरोप लगाया कि नीरज के साथ गए दो युवकों ने साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी। रोशन कुमार ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि यह दुर्घटना होती, तो शरीर पर रगड़ के निशान होते। उनका दावा है कि नीरज की हत्या की गई है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा पकड़े गए दो संदिग्धकृशशि और एक अन्य युवक—रहस्यमय ढंग से फरार हो गए, जिससे संदेह और गहरा गया है। मृतक की बहन सोनम कुमारी ने आरोप लगाया कि पुलिस की मिलीभगत से आरोपियों को छोड़ा गया है। उनका कहना है कि नीरज को कहीं ले जाकर मार दिया गया और साक्ष्य छुपाने की कोशिश की जा रही थी।



वहीं, सदर डीएसपी–2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस को सड़क किनारे एक युवक बेहोशी की हालत में मिला था। उसे तत्काल बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर दो अन्य युवक भी संदिग्ध अवस्था में मिले थे, जिनसे पूछताछ की जा रही है। डीएसपी ने कहा कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। परिजनों द्वारा लिखित आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और इलाके में शांति बनी हुई है।



# खेलकूद से बच्चों के शारीरिक व बौद्धिक क्षमता का होता है विकास - अनिता कुमारी गुप्ता

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** मध्य विद्यालय बरनौसा में मंगलवार को हमारा पाठशाला फेज चार के बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जागरूकता सचिव समाजसेवी अनिता गुप्ता ने कहा कि बच्चों में खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। स्वस्थ मन रहेगा तब ही विद्यार्थी अच्छा पढ़ सकते हैं। इस अवसर पर 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, बैलून डांस, चम्मच पे गोली, बॉम्ब विस्फोट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हमारी पाठशाला परियोजना के समन्वयक एलॉयसियस ओस्ता और टीम सुपरवाइजर साहिल राज ने मिलकर बच्चों के खेल प्रतियोगिता का मैनेजमेंट किया। मौके पर विद्यालय के हेडमास्टर शमशाद आलम ने बच्चों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में आत्म. विश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। वि. जेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया और सबों का प्रमाण पत्र दिया गया।



इस मौके पर बिहार वॉटर डेवलपमेंट के हमारी पाठशाला परियोजना फेज चार के शिक्षक किरण कुमारी, भीम पासवान, फिरोज कुमार, रूपा कुमारी, संगीता कुमारी, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।



# बस और टोटो की टक्कर में दो गंभीर, मंगलवार को दुर्घटना के बाद सड़क किनारे खड़ा बस

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट नूरसराय नालंदा।** बिहारशरीफ परवलपुर मार्ग पर मंगलवार को सुबह नौ बजे के करीब नूरसराय थाना क्षेत्र के नारी गांव के समीप टोटो व बस की टक्कर हो गया।टक्कर होने से टोटो सवार मां और पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जख्मी मां और पुत्र को इलाज के लिए ग्रामीणों ने मॉडल अस्पताल बिहारशरीफ में भर्ती कराया।जख्मी की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के दस्तूरपर निवासी विजय यादव के 35 वर्षीय पत्नी रेणु देवी और 12 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार के रुप में किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टोटो बिहारशरीफ की ओर से आ रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रही बस से टक्कर हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टोटो को बचाने के चक्कर में बस सड़क के बायीं तरफ सड़क से किनारे हो गया।यदि आमने सामने टक्कर होती तो भयंकर हादसा होता।वहीं थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टोटो को तुरंत बीच सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया।दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त भी कर लिया है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ हर हाल में बच्चों को मिले - बीईओ, पाठ टीका तैयार कर दें बच्चों को उचित शिक्षा

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट कतरीसराय, नालंदा।** कतरीसराय बीआरसी भवन में मंगलवार को प्रखंड के प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीई. ओ अमरजीत प्रसाद ने की। बीईओ ने कहा कि सरकार की सभी कल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हर हाल में बच्चों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से मध्याह्न भोजन योजना पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार ही बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया जाए। शिक्षकों को कहा कि वगा. ‘नुसार शिक्षा का संचालन अनिवार्य रूप से करें और बच्चों की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सभी शिक्षकों को नियमित रूप से पाठ टीका (लेसन प्लान) तैयार करने का भी निर्देश दिया। बैठक में विद्यालयों के संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई तथा आवश्यक जानकारी दी गई।


इस मौके पर लेखा सहायक उमाकांत प्रसाद, हेडमास्टर अरविंद कुमार, संजय कुमार वर्मा, सतीश कुमार, शिवनंदन प्रसाद, संजय कुमार, अजय प्रसाद, सतीश प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार सहित अन्य शामिल हुए।

# हरनौत में विश्व टीबी दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत नालंदा।** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर मंगलवार, 24 मार्च को स्थानीय प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा की अध्यक्षता में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न संदेश दिए गए। रैली को संबोधित करते हुए एसटीएस कर्मी रूचि कुमारी ने बताया कि 24 मार्च 1882 को डॉ. रॉबर्ट कोच ने टीबी के जीवाणु (माइकोबैक्टेरियम ट्यूबरकुलोसिस) की खोज की थी। तभी से इस दिन को विश्व टीबी दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना है। यह जागरूकता रैली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से शुरू होकर चंडी मोड़, गोनावा मोड़ और थाना मोड़ होते हुए पुनः स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में स्वास्थ्यकर्मियों ने आमजन से टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम में डॉ. राजीव रंजन सिन्हा, डॉ. महेश कुमार, कृष्ण मुरारी, रंजीत कुमार एवं रूचि कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# बच्चे कल के भविष्य, सही राह दिखाना हम सबों का दायित्व - बीडीओ

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** स्थानीय आरडीएच हाईस्कूल में बिहार दिवस के समापन समारोह में भाग लेते हुए बीडीओ ऐजाज आलम ने कहा कि बच्चे आने वाले कल के भविष्य हैं। इन्हें सही दिशा देना हम सबों का दायित्व है। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल से आये छात्रों ने विभि. ान्न प्रस्तुती से सबों का मन मोह लिया। सांस्. तिक कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय बालिका विद्यालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, मध्य विद्यालय राजगीर बाजार, आदर्श मध्य विद्यालय एवं आरडीएच हाईस्कूल की छात्राएं शामिल हुई। छात्राओं ने बिहार गीत का प्रस्तुति की, जिसमें बिहार के चर्चित लोक आस्था का पर्व छठ सहित ग्रामीण परिवेश की कुछ झाकियां परोस कर दर्शकों का मन मोहा। इसके अलावा मोबाइल की आदत से लोगों को पड़ने वाले गलत असर को बताया। इसके अलावा वाद–विवाद प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अन्य तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


इस मौके पर आरडीएच हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य इंदू सिन्हा, डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय बालिका विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव रंजन कुमार, आदर्श मध्य विद्यालय के हेडमास्टर बेबी कुमारी, मध्य विद्यालय गोरौर के हेडमास्टर दीपक कुमार, हेडमास्टर परमानंद प्रभाकर, शिशुपाल उपाध्याय, गिरजानंदन पांडेय, मनोज कुमार, अनिलेश कुमार, कंचन कुमारी, राजीव रंजन कुमार, विनोद कुमार, श्यामलाल महतो, रमेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।






# नालंदा में जनगणना 2027 की तैयारी शुरू, फील्ड ट्रेनरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहार शरीफ, (नालंदा)।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकान गणना) को लेकर नालंदा जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में 23 मार्च 2026 को ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय में विभिन्न चार्जों के फील्ड ट्रेनरों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला सांख्यिकी पदाधिकारी–सह–अपर जिला जनगणना पदाधिकारी नवल किशोर रजक ने किया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों की टीम द्वारा दिया जा रहा है। इस दौरान जनगणना निदेशालय के नोडल पदाधिकारी सह मुख्य प्रशिक्षक नवीन कुमार ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि 2 मई से 31 मई 2026 तक प्रगणक मोबाइल के जरिए HLO ऐप का उपयोग करते हुए घर–घर जाकर 33 बिंदुओं पर जानकारी एकत्र करेंगे। इसमें मकान की बनावट, स्वामित्व, परिवार के सदस्यों की संख्या, पेयजल स्रोत, शौचालय, ईंधन के साधन, वाहन की उपलब्धता समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल होंगी।



स्व–गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा भी इस बार दी गई है। इसके तहत 17 अप्रैल से 1 मई 2026 के बीच आम नागरिक https://se-census-gov-in पोर्टल पर लॉगिन कर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। बाद में संबंधित पर्यवेक्षक द्वारा इसका सत्यापन किया जाएगा।
जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे जनगणना 2027 के प्रथम चरण में बढ़–चढ़कर भाग लें और स्व–गणना के माध्यम से इस प्रक्रिया को सफल बनाने में सहयोग करें।

# नूरसराय में संदिग्ध अवस्था में युवक की हुई मौत

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट नूरसराय(नालंदा)।** नूरसराय थाना पुलिस ने सोमवार की शाम केएसटी कॉलेजबके समीप सड़क किनारे अचेता अवस्था में एक 21 वर्षीय युवक को बरामद किया।इलाज के लिए मॉडल हॉस्पिटल बिहारशरीफ में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के मेयार गांव निवासी दिनेश पासवान का पुत्र नीरज कुमार के रूप में किया गया है।पु. लिस द्वारा मृतक के परिजन को सूचना देकर अस्पताल बुलाया गया था।जहां परिजनों की उप. स्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौप दिया गया है। मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा।वहीं एफएसएल की टीम को सूक्ष्म जांच के लिए बुलाया गया है। हालांकि मौत की खबर सुनकर जैसे ही मृतक के परिजन व ग्रामीण अस्पताल पहुंचे की ग्रामीणों व परिजनों का गुस्सा सातवें आसमान पर था।गुस्सा इतना कि ग्रामीण पुलिस वाहन के चालक से उलक्ष पड़े। यहां तक कि नाराज ग्रामीण व परिजनों ने चालक के साथ तू तू मैं मैं भी कर लिया।अस्पताल में मृतक युवक का भाई रौशन कुमार ने बताया कि घर में मां छठ व्रत की थी।खुशी का माहौल था।मृतक युवक अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से साउंड सिस्टम लाने के लिए निकला था।मृतक के दोनों दोस्त गांव के ही कंकु राम का पुत्र निरंजन कुमार व मनोज पासवान का पुत्र शशि कुमार ने मेरे मृतक भाई को कहीं ले जाकर हत्या कर दिया है। मृतक चार भाईयों में सबसे छोटा भाई था। ग्रामीणों की माने तो सूखा नशा ( ब्राउन शुगर ) का ओवर डोज लेने के कारण युवक की मौत हुआ है।नाम नहीं छापने के शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि मेयार पंचायत के लोहड़ी, ककड़िया, मेयार गांव सूखा नाश खासकर ब्राउन शुगर का हब बन गया है।सैकड़ों ग्रामीण युवा नशे के चपेट में आ गए हैं। वहीं मृतक युवक के पिता ने मृतक के दोनों दोस्तों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए हत्या का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में एफआईआर कराया है। पुलिस दोनों नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# नालंदा के ४० किसान मोती की खेती का प्रशिक्षण लेने सिलीगुड़ी रवाना, आय बढ़ाने की पहल

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** कृषि में नवाचार और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से नालंदा जिले के 40 प्रगतिशील किसानों को मोती की खेती (पर्ल फार्मिंग) के उन्नत प्रशिक्षण के लिए पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी भेजा गया है। यह 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 मार्च 2026 से COFAM, सिलीगुड़ी में आयोजित हो रहा है। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में यह पहल की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक एवं उप परियोजना निदेशक आत्मा, नालंदा द्वारा किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती के साथ–साथ वैकल्पिक आय के स्रोतों से जोड़ना है। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान किसानों को मोती उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक, तालाब प्रबंधन, सीप (ऑयस्टर) का चयन, ग्राफ्टिंग प्रक्रिया, जल गुणवत्ता नियंत्रण और विपणन की जानकारी दी जाएगी। विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों द्वारा सैद्धांतिक के साथ–साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में किसानों को यह भी सिखाया जाएगा कि कम लागत में अधिक लाभ कैसे प्राप्त किया जाए और स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कैसे आगे बढ़ा जाए। साथ ही, मोती की गुणवत्ता सुधार, रोग प्रबंधन और बाजार से जुड़ाव पर भी विशेष जानकारी दी जाएगी।



अधिकारियों के अनुसार, मोती की खेती एक उभरता हुआ व्यवसाय है, जो कम समय में अधिक लाभ देने की क्षमता रखता है। इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ–साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद किसान अपने–अपने क्षेत्रों में अन्य किसानों को भी इस तकनीक के प्रति जागरूक करेंगे। प्रशिक्षण में शामिल किसानों ने इस पहल के लिए आत्मा, नालंदा के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक होगा। प्रशासन का मानना है कि यह पहल जिले में कृषि के आधुनिकीकरण और विविधीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# सांध मोड़ के पास पईन से किशोरी का शव बरामद, इलाके में सनसनी

**केशववाणी अमर वर्मा की रिपोट करायपरसुराय (नालंदा)।** नालंदा जिले के करायपरसुराय थाना क्षेत्र अंतर्गत सांध मोड़ के समीप उस समय हड़कंप मच गया, जब बेरथु–डियावां मुख्य मार्ग के उत्तर स्थित एक पईन से करीब 15 वर्षीय किशोरी का शव बरामद किया गया। घटना की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। मौके पर मौजूद मकरौता पंचायत निवासी विजय कुमार यादव ने बताया कि मृत किशोरी की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। आसपास के कई गांवों और पंचायतों के लोग घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन कोई भी शव की पहचान नहीं कर पाया। उन्होंने आशंका जताई कि किशोरी का शव कहीं और से लाकर यहां फेंका गया है। प्रथम दृष्टया मामला दुष्कर्म के बाद हत्या का प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, शव की स्थिति देखकर लगता है कि किशोरी के चेहरे को ईंट–पत्थर से कुचला गया है और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से उसे सुनसान स्थान पर फेंक दिया गया है।घटना की सूचना मिलते ही करायपरसुराय थानाध्यक्ष रणविजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की और पा. `स्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका की पहचान के लिए आसपास के सभी थानों को सूचित किया गया है। पहचान स्थापित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी सहारा लिया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि हत्या कहीं और की गई और शव को यहां लाकर फेंका गया है। मामले में आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# महंगाई और गैस संकट के खिलाफ नालंदा में कांग्रेस का प्रदर्शन

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** देश में बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की किल्लत के विरोध में मंगलवार को नालंदा जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय से विशाल जुलूस निकाला, जो भैंससुर मोड़ होते हुए अस्पताल चौक पहुंचा। वहां प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है, जिसका सबसे अधिक असर गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गैस सिल. `डर के बढ़ते दामों ने घरेलू बजट को पूरी तरह बिगाड़ दिया है और लोगों के सामने रोजमर्रा के खर्च पूरे करना भी चुनौती बन गया है। इस दौरान बिहार प्रदेश के पर्यवेक्षक राजीव मिश्रा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटका रही है और केवल सत्ता की राजनीति में लगी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो कांग्रेस गांव–गांव जाकर जनजागरण अभियान चलाएगी और बड़े आंदोलन की शुरुआत करेगी। उन्होंने राहुल गांधी को जनता की आवाज बताते हुए पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अधिवक्ता मो. सरफराज मालिक, मो. इम्तियाज आलम, रमेश पासवान, अजय कुमार पांडेय, हुमायूं अंसारी, इंजीनियर टीपू, उस्मान गन्नी, सोनू आलम, राजीव कुमार मुन्ना, बच्चू सिंह, अनिल चंद्रवंशी, विजय कुमार वर्मा, किशोर कुमार, निपेंद्र कुमार सिंह, रा. जेश्वर प्रसाद, अस्कर भारती, रमेश प्रसाद सिंह, सुरेंद्र सिंह, विकास कुमार, बिछी ठठेरा, शिवरानी, अरुण कुमार बिंद, शिवनाथ चौधरी, किरानी पासवान और मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि महंगाई के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन आगे भी जारी रखा जाएगा।

